# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 13.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

### मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी के प्रवास पर रहेंगे। वे कुपवी में लोक निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात लाभार्थियों इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि वितरित करेंगे। इसके अलावा वे लोगों की समस्याएं सुनेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

### मंत्रिमंडल निर्णय

प्रदेश मंत्रिमंडल ने सरकारी स्कूलों में पीरियड आधार पर गैस्ट टीचर रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस पॉलिसी को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। बैठक में एसएमसी अध्यापकों के लिए सीधी भर्ती में पांच प्रतिशत एलडीआर कोटा शामिल करने को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा शिक्षा विभाग में 11 वर्ष की दैनिक व अंशकालिक सेवा पूरी कर चुके लगभग 9 सौ 28 जलवाहकों की सेवाओं को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर नियमित करने का निर्णय भी लिया गया है। मंत्रिमंडल ने नर्सरी व कक्षा एक में दाखिले के लिए आयु सीमा को राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली 2020 के तहत लागू करने का फैसला भी लिया है। बैठक में सैनिक कल्याण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 26 पद, शिक्षा विभाग में पंजाबी भाषा के 17 और उर्दू भाषा के 14 अध्यापकों के रिक्त पदों को भरने को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### निर्देश

प्रदेश के गांवों में सार्वजनिक शौचालयों के रख–रखाव की जिम्मेदारी अब खंड विकास अधिकारियों की होगी। प्रदेश उच्च न्यायालय ने शौचालयों की खस्ताहालत को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए हैं। उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने खंड विकास अधिकारियों से संबंधित क्षेत्रों में बंद पड़े शौचालयों की रिपोर्ट दायर करने को भी कहा है।

### विजय दिवस

भारतीय सेना की वज्र कोर आज से अमृतसर में विजय दिवस मना रही है। विजय दिवस पाकिस्तान के खिलाफ 1971 के युद्ध में 16 दिसंबर को मिली जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस युद्ध के बाद ही स्वतंत्र बांग्लादेश का उदय हुआ था। विजय दिवस की 53वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम में आज और कल पंजाब राज्य युद्ध नायक स्मारक में आम जनता के लिए हथियार और युद्ध सामग्री प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। 15 दिसंबर को अमृतसर के गोबिंदगढ़ किले में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**नरेश चौहान**

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार के आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया जाएगा। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसके लिए अभी से सख्त फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाने का आरोप भी लगाया।

**टीकाकरण**

सोलन ज़िला में पशुओं में होने वाली मुंह, खुर की बीमारी से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक विवेक लांबा ने बताया कि मुंह, खुर रोग के लिए विभाग द्वारा वर्ष में दो बार निशुल्क टीकाकरण करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान विभाग के फार्मासिस्ट घर–घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करेंगे।

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से**

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मंत्रिमंडल के निर्णय को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है **नई होम स्टे नीति को मंजूरी–13 पंचायतों को नगर पंचायत का दर्जा, आउटसोर्स पर रखेंगे गेस्ट टीचर।** दिव्य हिमाचल का शीर्षक है **होम स्टे के लिए नए नियम एनओसी लेने की शर्त हटी।** पंजाब केसरी के शब्द हैं **हिमाचल में महंगे होंगे तंबाकू उत्पाद, आपदा प्रभावितों को मिलेगा बढ़ा मुआवजा।** दैनिक जागरण के अनुसार **अब शहरों में भी चला सकेंगे होम स्टे।**

दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है **अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल के सांसद वित्त मंत्री से मिले, मांगे 9 सौ करोड़ रूपए।**

**सरकार को चाहिए योजनाओं का फंड, पर पहले का पैसा नहीं हो रहा खर्च** शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है **प्रदेश में शहरी निकायों को मिले 500 करोड़ रूपए अनस्पेंड, लटकें हैं विकास कार्य, हिमाचल में नए निगम व परिषद बनाने पर जोर।**

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है **हिमाचल में एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने के आसार, बढ़ेगा पारा।**